मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUES-

वर्ष - 10 ■ अंक - 14 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 26 दिसंबर 2022 से 01 जनवरी 2023 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये

# राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक 'कदम कदम पर' के कैलेंडर 2023 विमोचन



**मुंबई,** 10 वर्ष पूरा कर चूके ह्लकदम कदम परह्व समाचार पत्र का सतत 7वें साल का सन 2023 का कैलेंडर का विमोचन समारोह घाटकोपर पश्चिम में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम अध्यक्ष जे.पी. शर्मा (संरक्षक व अध्यक्ष अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई) रहे थे। प्रमुख अतिथियों में राजाराम देशमुख जी (श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्टी) जनक संघवी जी (मा. नगरसेवक व संस्थापक सारथी फाउंडेशन), अशोक उमाशंकर शर्मा कालबादेवी जवेरी बाजार) एड. बी. एम. शर्मा (समाजसेवक), राकेश डी. सेमुआ, आर. आर. शर्मा (समाजसेवी-उद्योगपति), प्रसिद्ध ठाकुर (समाजसेवक-बदलापुर, बिल्डर), जनार्दन शर्मा, गणेश राधिका प्रसाद

I feel proud myself to extend the heartiest and kind congratulations to Mr J.P Sharma, Mr Chhotelal Sharma and Mr Anil Sharma for this wonderful programme arranged for the redemption of Calander Kadam Kadam par. I am sure that you must have worked hard to achieve as completing seven years for publushing calender and ten years for Newspaper. I hope and sure that your hard work, ethic and determination will take this news paper to the better place all over country. My well wishes to this News paper. Thanks

Ramjit Verma
Secretory - BJP
Bhayander ( E )







(कल्याण मंडल सचिव बीजेपी), राघवेंद्र नाथ द्विवेदी (एक्जीक्यूटिव एडिटर - हमारा महानगर), डॉ. संजय शर्मा (समाजसेवक), संतोष तिवारी (अभिमान भारत), अशोक शर्मा (उपाध्यक्ष वसई विरार काँग्रेस), मुकेश जयनाथ शर्मा (समाजसेवक), राजन शर्मा





(समाजसेवी उद्योगपति) सुर्यकांत वर्मा (समाजसेवक), कन्हैया काकड़ (जेके ब्रदर्स, समाज सेवक, दुबे गुलाबा (उपाध्यक्ष बीजेपी युवा मोर्चा), सभाजीत शर्मा (उत्तर मुंबई जिला महासचिव व बिल्डर) श्रीराम शर्मा संस्थापक (अध्यक्ष प्रेमांजलि साहित्य) हेमन्त मेहेरजी (कुलाबा अध्यक्ष बीजेपी), संजय तिवारी नेताजी (उप संपादक), शिव प्रसाद शर्मा (समाजसेवक), हरिशंकर शर्मा (वर्ली गाँव, समाजसेवक), अशोक शर्मा (कलवा, समाज सेवक) दिनेश शर्मा (समाजसेवक, मुंबई) व दूसरे लोग उपस्थित रहे थे। उन सभी महानुभावों का स्वागत और सम्मान मोमेंट्स और शाल से किया गया था। इन महानुभावों के वरद हाथों से कैलेंडर का लोकार्पण हुआ था। कुछ प्रासंगिक भाषण भी हुए थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन किया अनिल कुमार शर्मा (मुख्य प्रबंध संपादक कदम कदम पर) ने । कार्यक्रम दिनांक : 25-12-2022 रविवार समय दोपहर 03.00 से 05.00 बजे से घाटकोपर पश्चिम स्थित स्थल हवयंकर हॉल, 4था माला, दिप्ती सॉलिटायर बिल्डिंग, एम. जी. रोड, एक्सीस बैंक के ऊपर आयोजित किया गया था। आखिर में अखबार के प्रधान संपादक छोटे लाल शर्मा ने आभार जताया था।

# सांसद मनोज कोटक के 50 वें जन्म दिवस पर शुभकामनायें

**मुंबई** – ईशान्य मुंबई के लोकप्रिय सांसद मनोज कोटक के 50 वें जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन कालीदास ग्राउंड, मुलुंड प.पर किया गया।

इस अवसर पर सभी दलों के नेता, समाजसेवियों ने उपस्थित होकर उन्हे बधाई एवम शुभकामनायें प्रदान किया।



इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवम राजनेता डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ मिलिंद शेजवल, डॉ. सचिन सिंह, डॉ.आर. एम.पाल, डॉ श्वेता शेजवल, मनोज सिंह ने शाल एवम पुष्प गुच्छ भेंट कर सांसद मनोज कोटक को शुभकामनायें प्रदान किया।



**डोंगर प्रिमियर लीग आतकोनेश्वर नगर में स्वागत और ट्राफी प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जिसमें बी पी शर्मा, आर आर यादव, अशोक चौबे, बिंद्रेश निषाद, बिजेंद्र यादव मास्टर साहेब, विक्रम कांबले आदि गणमान्य लोग शामिल हुए। भाई साहेब पेपर में डालने की कृपा करें।नगर सेविका मंगलताई कलंबे, माजी नगर सेवक साप्ते, सिद्धू यादव, विजय शर्मा थाने इन लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।**

## संपादकीय

# नशा मुक्त भारत...

*गृह मंत्री अमित शाह ने देश में नशे के कारोबार से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों से मिलकर लड़ने की जो आवश्यकता रेखांकित की, वह समय की मांग है। कम से कम यह ऐसा विषय नहीं, जिस पर राज्यों और केंद्र सरकार की एजेंसियों में किसी तरह का मतभेद दिखे। जहां नशे का चलन नई पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है, वहीं उसका कारोबार आतंकियों और अपराधियों के लिए मददगार बन रहा है। देश विरोधी तत्व आम तौर पर नशे के कारोबार में भी लिप्त रहते हैं। नशे का कारोबार देश के अर्थतंत्र को भी कमजोर करने का काम करता है।*

*यह सही है कि हाल के समय में नशे की तस्करी को रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारें भी सक्रिय हुई हैं, लेकिन नशे के कारोबारियों पर अंकुश लगाना इसलिए कठिन हो रहा है, क्योंकि कुछ विदेशी ताकतें भारत में मादक पदार्थ खपाने में जुट गई हैं। उनका काम इसलिए आसान हो गया है, क्योंकि अफगानिस्तान में तालिबान के काबिज होने के बाद वहां अफीम की खेती बढ़ी है। इसी के साथ अफीम से बनने वाले नशीले उत्पादों को विभिन्न देशों में खपाने का सिलसिला भी तेज हुआ है। इसमें पाकिस्तान का भी हाथ है और इसी कारण गृहमंत्री ने यह कहकर उस पर निशाना साधा कि जो भारत में आतंकवाद फैलाते हैं, वहीं देश में नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं।*

*एक ऐसे समय जब नशे के कारोबारी हरसंभव रास्ते और यहां तक कि ड्रोन, सुरंग के जरिये भी सीमांत राज्यों में मादक पदार्थ भेज रहे हैं, तब केंद्र और राज्य की सभी एजेंसियों को सतर्कता बरतने के साथ ही आपसी समन्वय भी बढ़ाना होगा। यह अच्छी बात है कि नशा मुक्त भारत का सपना साकार करने के लिए लोकसभा सदस्यों ने नशे के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाने और सामूहिकता से कार्य करने का संकल्प लिया, लेकिन यह संकल्प भाव जमीन पर भी नजर आना चाहिए।*

*यह अपेक्षा इसलिए, क्योंकि कुछ सीमांत राज्यों ने सीमा सुरक्षा बल को नशे के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार का विरोध किया है। इस विरोध का कोई औचित्य नहीं, क्योंकि यदि सीमाओं की सुरक्षा कर रहे केंद्रीय बल नशीले पदार्थों की बरामदगी और नशे के तस्करों को गिरफ्तार करने में सक्षम रहते हैं तो उन्हें उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का भी अधिकार मिलना चाहिए। समझना कठिन है कि कुछ राज्य सीमा सुरक्षा बल को दिए गए इस आवश्यक अधिकार पर आपत्ति क्यों जता रहे हैं? इस आपत्ति से तो केंद्रीय सुरक्षा बलों के प्रति अविश्वास ही प्रकट होता है। नशा मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए यह भी आवश्यक है कि नशे के चलन के विरुद्ध समाज भी जागरूक हो, क्योंकि युवाओं को नशे के दलदल में धकेला जा रहा है।*

# मनपा अब लोगो को वार्ड से उपलब्ध कराएगी

### नहीं करना पड़ेगा दुर्घटना के बाद इंतजार...

## फायर फाइटिंग के लिए दमकल की गाड़िया भी वार्ड में रहेगी खड़ी




**मुंबई :** दुर्घटना होने पर लोगो को तत्काल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास मुंबई मनपा कर रही है। मनपा प्रशासन ने वार्ड में एक डिजास्टर का कंट्रोल रूम बनाने का निर्णय लिया है। मनपा ने लोगो को तत्काल सुविधा उपलब्ध करने के लिए वार्ड में एक दमकल की गाड़ी भी खड़ी करने का निर्णय लिया है। जिससे लोगो को तत्काल सुविधा मुहैया कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि आग लगने, इमारत गिरने या किसी आपात स्थिति के समय लोग मनपा के डिजास्टर कंट्रोल रूम नंबर 1916 पर फोन करते हैं या कभी-कभी पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करते हैं। फिर वहां से फायर ब्रिगेड व एनडीआरएफ से समन्वय कर घटनास्थल पर मदद के लिए टीम भेजी जाती है, इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय लगता है। फंसे लोगों और घायलों को काफी कम समय में मदद मिले, बचाव एवं राहत कार्य जल्द से जल्द शुरू इसके लिए मनपा ने मुंबई के सभी 24 वार्डों में डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट स्थापित करने का फैसला किया है। डिजास्टर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि सभी 24 वार्डों में डिजास्टर डिपार्टमेंट स्थापित करने की संकल्पना कोरोना संकट के दौरान मदद के लिए बनाए गए वार्ड वार रूम की सफलता से आया है। वार्ड वार रूम के जरिए हजारों कोरोना मरीजों की जान बचाने में मनपा सफल रही थी। मनपा को उम्मीद है कि सभी वार्डों में डिजास्टर मैनेजमेंट होने से बड़े पैमाने पर जान-माल के नुकसान को टाला जा सकेगा। अधिकारी ने बताया कि इसका मकसद दुर्घटना या आपातकाल के समय मदद पहुंचाने वाली एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और तत्काल मदद पहुंचाना है। सभी 24 वार्डों में डिजास्टर मैनेजमेंट स्थापित करने का खाका तैयार कर लिया गया है, मैन पावर की व्यवस्था की जा रही है। मनपा आयुक्त से मंजूरी मिलते ही प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अधिकारी ने बताया कि मनपा मुख्यालय में स्थित डिजास्टर कंट्रोल रूम में सामान्य दिनों में 7000 से 8000 कॉल आते हैं। जबकि बारिश के दिनों में इस पर 10 से 12 हजार कॉल आते हैं। 1916 हेल्पलाइन की 60 लाइनें होने के बाद भी कॉल वेटिंग पर रहता है। हर वार्ड में डिजास्टर कंट्रोल रूम रहने से लोग आसानी से मदद के लिए कॉल कर सकेंगे। सभी वार्डों के अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर जारी की जाएगी। किसी भी दुर्घटना होने जैसे आग लगने, इमारत गिरने, गड्ढे, तालाब में या समुद्र में गिरने, किसी के कहीं फंसे होने पर लोगों को तुरंत मदद मिल सकेगी। इसी तरह हाईटाइड आने पर, घर में पानी नहीं आ रहा है, कुत्ते ज्यादा हो गए हैं, ट्रैफिक, लोकल ट्रेन की समस्या , रोड की समस्या, मेनहोल खुला होने, कचरा नहीं उठाया जा रहा है जैसी समस्याओं का आसानी से हल हो सकेगा।वार्ड में स्थापित कंट्रोल रूम अपने-अपने वार्ड में खतरनाक इमारतों, उसमें रहने वाले लोगों की जानकारी, समुद्र तटों, ट्रांजिट कैंप, मनपा स्कूलों, सामाजिक हॉल सहित अन्य जानकारी रखेगा।

## हंगामे के बीच 10 मिनट के लिए महाराष्ट्र विधानसभा स्थगित



**नागपुर :** महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन मंगलवार को विधानसभा में विपक्ष के हंगामे के साथ शुरू हुआ और प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष द्वारा सदन में विरोध जारी रखने के कारण कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी गयी। सत्र की शुरूआत राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की विवादित टिप्पणी से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के साथ हुई। विपक्ष के नेता श्री कोश्यारी को हटाने की मांग कर रहे थे। इसके अलावा, बिल्डरों का पक्ष लेने और उन्हें ऐतिहासिक महत्व के कई महत्वपूर्ण स्थल/भूमि देने के मुद्दे उठाए गए। कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता अजीत पवार ने शिंदे-फडणवीस सरकार पर विकास परियोजनाओं को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि शिंदे-फडणवीस सरकार ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए पूर्ववर्ती महा विकास अघाड़ी सरकार के फैसलों को बदल दिया। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी सदस्यों ने विधान भवन की सीढ़ियों पर धरना दिया।

## जलगांव में पंचायत चुनाव परिणाम के बाद बवाल, बीजेपी कार्यकर्ता की मौत, 25 लोग हिरासत में




**महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र के जलगांव जिले से चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जहां ग्राम पंचायत चुनाव के नतीजे आने के बाद दो गुट आमने-सामने आ गए। चुनाव परिणाम के बाद एक गुट जब अपनी जीत का जश्न मना रहा था तभी दूसरे गुट के कार्यकर्ता वहां आ गए और दोनों में पक्षों में झड़प हो गई। इस दौरान जमकर पत्थरबाजी हुई। इस घटना में एक बीजेपी कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्भाग्य से अस्पताल में उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, जामनेर तालुका के टाकली खुर्द गांव में ग्राम पंचायत चुनाव जीतकर भगवान के दर्शन के लिए जाते समय अचानक हुए पथराव में एक बीजेपी कार्यकर्ता की मौत हो गई। मृतक कार्यकर्ता की पहचान धनराज श्रीराम माली के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि हराने वाले गुट के लोगों ने पथराव किया और उस पथराव में धनराज माली की मौत हो गई। जामनेर तालुका के टाकली खुर्द गांव में पंचायत चुनाव के नतीजे आज घोषित हुए। इस चुनाव में बीजेपी कार्यकर्ता एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरे थे। इस चुनाव में धनराज माली के भाई जितेंद्र माली सरपंच पद के लिए खड़े हुए थे। आरोप है कि जीत के बाद गांव में देवी के मंदिर में दर्शन के लिए जाते समय अचानक कुछ लोगों ने धनराज माली व उनके साथ मौजूद अन्य लोगों पर पथराव शुरू कर दिया। इस बीच कथित तौर पर कुछ लोगों ने विजय जुलूस पर लाठी-डंडों से भी हमला किया। बताया जा रहा है कि सिर पर पत्थर लगने से धनराज माली गंभीर तौर पर घायल हो गए।

## पुलिस विभाग के 18 हजार पदों के लिए 18 लाख से अधिक आवेदन

मुंबई, राज्य का युवा रोजगार के लिए मारा-मारा फिर रहा है। आलम यह है कि पुलिस के एक पद के लिए सौ से अधिक आवेदन आ रहे हैं यानी एक पद के लिए सौ दावेदार। ऐसे में युवा हाय रे रोजगार का रोना रो रहे हैं। पुलिस विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक पुलिस विभाग के १८ हजार पदों के लिए १८ लाख से अधिक आवेदन आए हैं यानी एक पद के लिए एक सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

मीरा-भायंदर, वसई-विरार आयुक्तालय क्षेत्र में कांस्टेबल और वाहन चालक के १ हजार पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित हुआ था। इस पद के लिए आवेदन करने की अवधि ३० नवंबर को समाप्त हो गई है। इन १ हजार पदों के लिए कुल ७४ हजार २२१ लोगों का आवेदन पुलिस विभाग को प्राप्त हुए हैं। यानी एक पद लिए ४७ लोगों ने आवेदन किया है। आवेदन करनेवालों में ६०,९८९



पुरुष और १२,२२३ महिलाओं का समावेश है। इसी प्रकार वाहन चालक पद के लिए १,२३७ आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें १,१९६ पुरुष और ४१ महिलाओं का समावेश है। वेदांता-फॉक्सकॉन परियोजना की लागत १.५४ करोड़, १ लाख रोजगार, तलेगांव पुणे, बल्क ड्रग पार्क, ३ हजार करोड़, ४० हजार रोजगार, रोहा रायगढ़, मेडिकल डिवाइस पार्क, ४२४ करोड़, ३ हजार रोजगार, संभाजीनगर, टाटा एयर बस, २२ करोड़, ६ हजार रोजगार, मिहान नागपुर, सेप्रष्ठान परियोजना, १ हजार ११५ करोड़ की परियोजना मिहान नागपुर में लगनेवाली थी।

# चेन्नई एयरपोर्ट पर कस्टम ने 5.35 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ युगांडा की महिला को किया गिरफ्तार

**चेन्नई :** चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर चेन्नई एयर कस्टम की टीम ने नारकॉटिक्स पदार्थों की तस्करी के मामले में एक युगांडन महिला हवाई यात्री को गिरफ्तार किया. उस महिला के कब्जे से 05 करोड़ 35 लाख रुपये के प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किये गए. आरोपी महिला हवाई यात्री अदिस अबाबा से इंडिया आयी थी, जिसे चेन्नई एयरपोर्ट पर कस्टम की जांच में पकड़ा गया. दिल्ली मुख्यालय से कस्टम प्रवक्ता के अनुसार, चेन्नई एयर कस्टम की टीम ने रुट प्रोफाइलिंग और बेहेवियर डिटेक्शन के आधार पर अदिस अबाबा से चेन्नई पहुंची



एक महिला हवाई यात्री को उनकी विस्तृत जांच के लिए रोका. लगेज से 1542 ग्राम मेथाक्वालोन और 644 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया.

जांच के दौरान स्निफर डॉग ओरियो ने उनके चेकइन लगेज में ड्रग्स होने के संकेत दिये. जिस पर कस्टम की टीम ने उनके चेकइन लगेज से 1542 ग्राम मेथाक्वालोन और 644 ग्राम हेरोइन बरामद किया.

इसे बड़ी ही चतुराई से गत्ते के अंदर चिपका कर छुपा कर रखा गया था. मादक पदार्थों की कीमत 5 करोड़ 35 लाख रुपये बताई जा रही है. जिसे कस्टम की टीम ने जब्त कर लिया और आरोपी महिला यात्री को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले में आगे की जांच जारी है.

## पुलिसकर्मियों को होटल के स्टाफ ने पीटा



**नई मुंबई :** नई मुंबई स्थित कोपरखैरने के एक होटल में सिविल ड्रेस में खाना खाने गए तीन पुलिसकर्मियों को होटल के स्टाफ ने मिलकर पीट दिया। दरअसल तीनों पुलिसकर्मी बिना वर्दी के एक होटल में खाना खाने के लिए गए थे। वहां उन लोगों ने मटन हांडी ऑर्डर किया और कुछ देर बाद वेटर ने मटन हांडी लाकर उन्हें परोस दिया। तीनों ने कुछ खाना खाने के बाद कहा कि मटन में आपने वेज ग्रेवी क्यों डाली है? जिस पर वेटर ने कहा कि उसमें मटन की ही ग्रेवी है। अगर आपको अलग लग रही है तो हम बदलकर दे देंगे, जिसके बाद बदलकर दोबारा मटन परोसा गया।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

कदम कदम पर

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
जे.पी.शर्मा

संपादक
छोटेलाल शर्मा
मो.:०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
मो.:०९८३३३२९७२१

उप संपादक
श्रीमती कंचन यादव
(फैजाबाद, यू.पी.)
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा (उप संपादक)

आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
पंकज (बबलू) यादव

प्रतिनिधि
अवनीश कुमार मिश्र
(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)
सौरभ उमेशप्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

साज सज्जा :
संतोष तिवारी
(९७६८३६२०९१)

कानूनी सलाहकार
एड. बी. एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

सभी पद अवैतनिक हैं।

वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com
पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# ठाकरे सरकार गिराने में भाजपा का हाथ - अजीत पवार



**नागपुर :** राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कल बयान दिया था कि सरकार आपकी नाक के नीचे खींच ली गई है। फडणवीस के इस बयान पर नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने कड़वा जवाब दिया है। उन्होंने सच्चाई बताते हुए कहा कि भाजपा शुरू से ही ठाकरे सरकार को गिराने की कोशिश कर रही थी। ठाकरे सरकार गिराने में भाजपा का हाथ था। अजीत पवार ने दावा किया कि यह सच है। इसी के साथ उन्होंने उदाहरण दिया कि वैष्से भाजपा, सरकार गिराने में शामिल थी? सरकार गिराने से हमारा कोई लेना-देना नहीं है, ऐसा भाजपा शुरू में कह रही थी। लेकिन हाल ही में भाजपा में कुछ लोगों के बयान आए। किसी ने कहा कि मैंने ही विधायकों को गुवाहाटी जाने के लिए बुलाया था, वहीं फडणवीस के परिवार के कुछ लोगों ने बताया कि वैष्से वेशभूषा बदलकर वे तत्कालीन मंत्री शिंदे से मिलने जाते थे, यह सभी जानते हैं। अर्थात ये शुरू से ही सरकार गिराने की तैयारी कर रहे थे। अजीत पवार ने कहा, यह तीसरा सच है।

एकनाथराव शिंदे उनके हाथ लग गए। शिंदे के पास एक समूह था। ताकि वे सरकार बदल सकें। लेकिन १५-१६ विधायकों के निलंबन का मामला कोर्ट में है। उनकी तारीख पर तारीख पड़ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय के परिणाम के बाद तस्वीर साफ होगी। उन्होंने वैष्बिनेट में मंत्रियों की संख्या के बारे में भी बात करने से इनकार कर दिया। यह सब उनका पार्टी का आंतरिक मामला है। हम इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहते। उनका विषय है कि मंत्रिमंडल कितने का होना चाहिए। जनता का काम करना चाहिए। अजीत दादा ने कहा कि हमें वैष्बिनेट में कोई दिलचस्पी नहीं है। किसान, विदर्भ के मुद्दे, फसल बीमा का पैसा नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती हो रही है। किसान आत्महत्या करने की हद तक उग्र रुख अख्तियार कर रहे हैं। ये तस्वीरें महाराष्ट्र की नहीं हैं। महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है। इसमें कुछ ठोस नहीं होता है। प्रदेश की कई परियोजनाएं महाराष्ट्र से बाहर जा रही हैं। कई लाख करोड़ रुपए का निवेश होनेवाला था। कुछ लाख नौकरियां उपलब्ध होनेवाली थीं। यह निवेश क्यों नहीं हुआ? इसका कोई जवाब सरकार के पास नहीं है। सीमावाद का मुद्दा इतना गर्म कभी नहीं था।

# नागपुर विधानसभा परिसर में एकनाथ शिंदे खेमा को शिवसेना के पुराने कार्यालय का कब्जा मिला



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले 'बालासाहेबंची शिवसेना' गुट को शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को नागपुर विधानसभा परिसर में शिवसेना के मौजूदा कार्यालय का कब्जा मिल गया। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के एक नेता ने कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट के विधायकों को एक अन्य कार्यालय आवंटित किया गया है। शिवसेना के दोनों खेमों के कार्यकर्ताओं के बीच कार्यालय के आवंटन को लेकर दोपहर के समय वाकयुद्ध हुआ। संबंधित कार्यालय का शिवसेना तीन दशक से इस्तेमाल करती रही है।

एकनाथ शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे के चित्र कार्यालय से हटा दिए तथा वहां शिंदे के राजनीतिक गुरु दिवंगत आनंद दिघे का चित्र लगा दिया। बाद में, मुख्यमंत्री शिंदे कार्यालय पहुंचे। ठाकरे गुट के एक नेता ने दावा किया कि शिंदे के नेतृत्व वाले खेमे के कर्मचारियों ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के लिए काम करने वाले मौजूदा कर्मचारियों को संबंधित कार्यालय खाली करने और नए कार्यालय में जाने को कहा। कार्यालय के कुछ कर्मचारी इस घटनाक्रम के चलते रो पड़े। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता और मुंबई के विधायक रवींद्र वायकर ने कहा, ''इन कर्मचारियों ने पिछले 30 वर्षों से एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना के सभी विधायकों का विधायी कार्य किया है।''

## आखिर भारत में चीन पे चर्चा कब होगी? – मल्लिकार्जुन खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना कर उनसे यह सवाल पूछा है कि आखिर भारत में चीन पे चर्चा कब होगी? खड़गे ने कहा कि सदन के सभापति द्वारा उन्हें इस मुद्दे पर बात करने का अधिकार दिए जाने के बावजूद उन्हें राज्यसभा में तवांग में भारत-चीन झड़प के बारे में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। खड़गे ने कहा कि चीनी सैनिक डोकलाम क्षेत्र में जंफिरी रिज तक निर्माण कर रहे हैं जो रणनीतिक सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बहुत करीब स्थित है। उन्होंने कहा कि मामला हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत चिंता का है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का बयान राहुल गांधी के उस बयान से मेल खाता है जो उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के १००वें दिन दिया था। कांग्रेस सुप्रीमों ने कहा मैंने सरकार को चीन से सावधान रहने की चेतावनी दी है। चीन के पैटर्न को देखें। वे लद्दाख और अरुणाचल की तरफ तैयारी कर रहे हैं लेकिन भारत सरकार सो रही है।

# फिल्मी तरीके से सड़क पर मुंबई के एक व्यापारी को पहले तलवार से मारा...

## फिर गाड़ी में डाल ले गए बदमाश



फिल्मी तरीके से सड़क पर एक व्यापारी की गाड़ी को कुछ लोग टक्कर मारकर रोकते हैं और फिर व्यापारी को गाड़ी से बाहर निकालकर तलवार से कई बार मारते हैं. इसके बाद आरोपी तलवार लहराते और गोलियां दागते हुए व्यापारी को अपनी गाड़ी में डालकर चले जाते हैं. सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि तलवार के हमले में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद से मुंबई के पास वसई में तनाव फैल गया है. पुलिस ने संदिग्धों की बड़े पैमाने पर तलाश शुरू कर दी.

स्थानीय निवासियों के अनुसार, हमला सूअर के मांस (पोर्क) के व्यापार में शामिल दो समूहों के बीच विवाद का नतीजा हो सकता है. महाराष्ट्र के पालघर जिले में यह घटना हुई है. सीसीटीवी कैमरों में यह हमला कैद हो गया. चौंकाने वाले फुटेज में एक पिक-अप वैन दूसरे को टक्कर मारकर रोकते हुए दिख रही है. एक आदमी को फिर वाहन से बाहर खींच लिया जाता है और तलवार से बार-बार मारा जाता है.

हमलावर तलवार लहराकर और बंदूक लहराकर आसपास के लोगों को डराते हुए दिखाई दे रहे हैं. प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा है कि हमलावरों ने यह सुनिश्चित करने के लिए गोलियां चलाई कि कोई हस्तक्षेप न करे. जिस शख्स पर हमला किया गया है, उसकी पहचान हरजीत सिंह के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मारपीट के बाद हमलावरों ने उसका अपहरण कर लिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हरजीत सिंह और संदिग्धों को ट्रैक करने के लिए कई टीमों का गठन किया है.

हरजीत सिंह के साथ यात्रा कर रहे अन्य दो लोगों पर हमला नहीं किया गया, जैसा कि विजुअल्स में दिख रहा है. पुलिस ने मौके से हरजीत सिंह की गाड़ी और एक तलवार बरामद की है. मौके से मिले विजुअल्स में पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को सुराग के लिए घटनास्थल की जांच करते हुए दिखाया गया है. स्थानीय निवासी जयेंद्र पाटिल ने कहा कि हमलावरों ने आसपास खड़े लोगों को हरजीत सिंह को बचाने से रोकने के लिए चेतावनी दी थी. उनमें से एक ने बंदूक निकाली, इसलिए किसी ने हस्तक्षेप करने की हिम्मत नहीं की.उन्होंने कहा कि विवाद सूअर के मांस के व्यापार से जुड़ा हो सकता है. वे सूअर के मांस के व्यापारी हैं. यह हमला उसी से जुड़ा हो सकता है.

## कोयता गैंग की दहशत, करो तड़ीपार! – अजीत पवार की मांग...



**मुंबई :** प्रदेश के कई शहरों व उपनगरों में कोयता गिरोह का खौफ दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यह गिरोह रात-दिन सड़कों पर घूमता है। महिलाओं के जेवरात लूटना, चोरी करना, लूटपाट करना, कारों में तोड़-फोड़ करना, बिना खाने का बिल चुकाए होटलों में तोड़फोड़ करने जैसी हिंसक गतिविधियों में लिप्त कोयता गैंग की दहशत बढ़ गई है। प्रदेश के कई शहरों के नागरिक कोयता गिरोह के आतंक के साये में जी रहे हैं। यह मुद्दा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने मंगलवार को स्थगन प्रस्ताव के तहत उपस्थित किया। उन्होंने कहा कि कोयता गिरोह को रोकना जरूरी है, इसके लिए पुलिस को राज्य में कानून-व्यवस्था सख्त करनी होगी। गिरोह के अपराधियों को सजा दिलाने का प्रयास करना होगा। पुणे जैसे कई शहरों और आसपास के उपनगरों में 'कोयता गैंग' का आतंक है। राज्य के कई शहरों और उपनगरों में यही स्थिति है।

# मुंबई में ट्रैफिक जाम की समस्या को गंभीर बना रही हैं बसें!

**मुंबई :** एक वक्त था जब मुंबई की हवा को सबसे स्वच्छ माना जाता था। अन्य शहरों की तुलना में मुंबई के वातावरण में कार्बन डाई ऑक्साइड और कार्बन मोनो ऑक्साइड जैसे 'जहर' काफी कम पाए जाते थे, परंतु हाल के महीनों में मुंबई में इसका प्रमाण तेजी से बढ़ा है।

मुंबई की सड़कें, खासतौर पर मुंबई के हाइवेज पर बेढंगे तौर से पार्क की जानेवाली टूर्स और ट्रैवेल्स की बड़ी-बड़ी बसें, मुंबई में ट्रैफिक जाम की समस्या को न केवल गंभीर बना रही



हैं, बल्कि इन गाड़ियों की 'अड़ीबाजी', प्रतिदिन शहर के लाखों मानवीय घंटे भी बर्बाद कर रही हैं। इससे बेवजह के ट्रैफिक जाम के साथ-साथ ईंधन का भारी मात्रा में नुकसान और जानलेवा वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

बता दें कि दादर पोस्ट ऑफिस, सायन, बांद्रा, घाटकोपर, अंधेरी, गोरेगांव, बोरीवली समेत तमाम ठिकानों पर टूरिस्ट की बड़ी-बड़ी बसों को बेतरतीब खड़ा किया जाता है, जिनमें ट्रैफिक पुलिस की मिली-भगत भी बताई जाती है।

# विट्ठलवाड़ी में भागवत कथा का शुभारम्भ

**कल्याण.** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कल्याण विट्ठलवाड़ी में आज से श्री साई जन कल्याण सेवा संस्था द्वारा आयोजित किया भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर कथा वाचक परम् पूज्य संत श्री प्रशांत जी महाराज जी के श्री मुख से कथा अमृत का रसपान करने तमाम भागवत कथा प्रेमी कथा स्थल पर पहुचे और कथा का आनंद लिया





## नर्सिंग कोर्स कर बच्चे जीविका चला सकते हैं - डॉक्टर विवेक शर्मा

### विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी मे विदाई समारोह व क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन







**बिलासपुर।** विश्वास सोशल वेलफेयर सोसाइटी जरहाभाठा में समारोहपूर्वक विदाई समारोह व क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिम्स के डॉक्टर विवेक शर्मा ने कहा नर्सिंग का कोर्स कर बच्चे अपनी आजीविका चला सकते हैं। ओमनगर की पार्षद सीमा ध्रतेश ने कहा कि बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए नर्सिंग अच्छा माध्यम हैं। इसकी बदौलत वे जनसेवा कर सकते हैं। संस्था की सचिव संध्या चंद्रसेन ने बताया कि विश्वास सोशल वेलफेयर सोसाइटी विगत 4 सालों से चल रही एक पंजीकृत संस्था है जो की उपासना एजुकेशन ट्रस्ट की ट्रेनिंग पार्टनर है जिसमे (जनरल ड्यूटी असिस्टेंट) और (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) (मेडिकल लैब टेक्नीशियन) आदि कोर्स कराया जाता है। उन्ही में से एक बैच का कल संस्था में विदाई समारोह रखा गया था। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष मिंटू अरोरा, सचिव संध्या चंद्रसेन, मनीषा सैमुअल, स्नेह, आंचल, साधना, विकास, मुस्कान, नितेश एवं छात्रगण उपस्थित रहे।




राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कल्याण जिला हेमंत शिबिर 2022 का आयोजन 23 दिसंबर 2022 को किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेन समाज प्रवासी मंडल मुंबई छटा वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

**मुंबई ।** रामबाग वाड़ी हर साल की भाती इस वर्ष भी सैन समाज का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित हुआ एक दिवस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया



सैन समाज के आराधी देव गणपति भगवान सेनजी महाराज दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आयोजित हुआकार्यक्रम में मुख्यातिथि विधान भवन सदस्य महेंद्र देवडा ने समाज केलिए जमीन देनी की घोषणा की समाज का आभार जताया हमेशा जब भी समाज को जरूरत होगी तब में समाज के लिए हमेशा साथ खड़ा हु



गायक महेंद्र वैष्णव पार्टी जोधपुर ने एक से एक बडकर भजन की प्रतोस्ति दी कार्यक्रम में भोजन प्रसादी आयोजन हुआ कार्यक्रम में चडावो की बोली भी लगाई गई जिसमे समाज के बंदू ने बड़ सड़कर भाग लिया कार्यक्रम में कही समाज बंदू उपस्थित थे भूरमल जी परमार कोरा, ललित कुमार, देता कला, रामलाल सोलंकी नून, श्रवण कुमार सिंघल चिरडिया, अध्यक्ष हरीश कुमार परमार नून, महामंत्री हड़मताजी सोलंकी आलवाड़ा, सह कोषाध्यक्ष, बाबूलाल भाटी, सहसचिव जयेश परमार, सचिव नारायण भाटी, कोषाध्यक्ष दिनेश भाटी, प्रचारक सुरेश गोयल भीनमाल, तेजाराम दादाल, वचना राम नून, देवजी काटाड़ी, नरपत कुमार नरसाना, इन्द्र कुमार बालोतरा, जगदीश कोरा, सागरजी डेडावास, भंवरकुमार पचपदरा, अशोककुमार जाखड़ी, प्रकाश लेदरमेर, अतिथि मंच साजा किया राजू माली बालोतरा

## घर की रसोई में महिला का शव बरामद



**मुंबई :** पत्नी की मौत के बाद अंतिम संस्कार के लिए पैसे नही होने पर शव को घर के रसोई में दफनाए जाने का मामला संभाजीनगर के वालुंज में सामने आया है। वालुंज इलाके के समता नगर में एक छोटे से घर की रसोई में एक महिला का सड़ा-गला शव बरामद हुआ है। इसके बाद पुलिस ने मृतक महिला के पति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया है कि मामला हत्या का निकला तो पति पर कार्रवाई की जाएगा। पुलिस ने बताया है कि १४ दिसंबर को मकान मालिक सूर्यकांत शेलके ने घर में प्रवेश करने के लिए ताला तोड़ दिया था। सूर्यकांत शेलके ने एक शख्स को यह मकान किराए पर दिया था लेकिन वह किराए का भुगतान किए बिना सब सामान छोड़ गया था। शेलके ने रसोई में फर्श की सतह को टूटा-फूटा पाया। उसने जमीन खोदी और एक महिला का शव देखकर वह डर गया। इसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को सूचित किया। वालुंज थाने के इंस्पेक्टर सचिन इंगोले ने बताया है कि उन्होंने किराएदार का पता लगा लिया है और उसे हिरासत में ले लिया है।

# मुंबई में नाबालिग लड़की को छेड़ रहे थे बदमाश...

### बचाने गए पिता की पीट-पीटकर हत्या, दो भाई घायल



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी बेटियां अब सुरक्षित नहीं हैं। ताजा मामला है पूर्वी उपनगर का जहां एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न को लेकर दो समूहों के बीच 14 दिसंबर को हुई लड़ाई में में एक 49 वर्षीय व्यक्ति और उसके दो बेटों को गंभीर चोटें आईं। इलाज के दौरान पिता ने दम तोड़ दिया।

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामले में एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी ने कथित तौर पर मृतक की नाबालिग बेटी को सरेआम परेशान किया और भद्दी टिप्पणियां कीं। दरअसल, लड़की जब किसी काम से बाहर जा रही थी उसी समय कुछ बदमाश उसे छेड़ने लगे।

इसके बाद लड़की ने पिता और भाई को कॉल करके बुलाया वहीं बदमाशों ने भी अपने कुछ साथियों को बुला लिया। फिर दोनों समूह के बीच झगड़ा बढ़ गया। इसके बाद पीड़िता के पिता और उसके बेटों पर लोहे की छड़ों और धारदार हथियारों से हमला किया गया जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां 49 वर्षीय पिता की सोमवार रात मौत हो गई।

# नशा तस्करी पर लगाम लगाने में फेल!

## नशे के आदी करते हैं अपराध...

**पालघर :** नशे के मामले में बदनाम बॉलीवुड और पंजाब जैसी स्थिति अब पालघर जिले में भी तेजी से बनती जा रही है। जिले के शहरों से होकर गांव-गांव तक नशा और नशा तस्कर जितनी तेजी से पैर पसार रहे हैं, वो डराने वाला है।

नशे की लत में पड़ने वाले युवक-युवतियां अब धीरे-धीरे खुद पैडलर बनकर इस गंदी दुनिया में घुसने लगे हैं, जिससे कई परिवार नशे की भेंट चढ़कर उजड़ रहे हैं। इस पर कड़े कदम उठाने की बजाय राज्य की ईडी सरकार कुंभकर्णी नींद में सोती दिख रही है, पुलिस नशा तस्करी पर लगाम लगाने में फेल हो रही है। जिले की जड़ों में नशा इस कदर रचता और बसता जा रहा है कि इसके सामने सभी कोशिश बौनी नजर आ रही है।



यहां के शहरों वसई, विरार, नालासोपारा से लेकर ग्रामीण इलाकों पालघर, बोईसर, डहाणू, वान जैसे कई इलाको में सस्ते से लेकर महंगा हर तरह का नशा उपलब्ध है। नशे की गोलियां, गांजा और ड्रग्स का नशा युवाओं के बीच घुस चुका है। इसके अलावा अवैध शराब भी इसमें शामिल है। नशे के लिए इन चीजों की मांग बढ़ने से जिले में इनकी तस्करी भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसा नहीं की पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ बिल्कुल कार्रवाई नहीं करती है। पुलिस नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई भी करती है लेकिन वो ज्यादातर मामलों में बड़े तस्करों तक नहीं पहुंच पाती है।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com